DOON UNIVERSITY
NEWSPAPER CLIPPING SERVICES

छात्रवृत्ति मिलने पर खुशी जाहिर करते छात्र। संवाद

छात्रवृत्ति योजना से मेधावी होंगे प्रेरित : प्रो. सुरेखा

देहरादून। मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत दून विश्वविद्यालय के 241 मेधावी छात्रों को उच्च अध्ययन के लिए 42 लाख की छात्रवृत्ति मिली। यह राशि राज्य के विश्वविद्यालय परिसरों और सरकारी कॉलेजों में स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश करने वाले छात्रों को प्रदान की गई है। यह छात्रवृत्ति 12वीं बोर्ड परीक्षा के नतीजों के आधार पर दी जाती है। दून विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सुरेखा डंगवाल ने बताया कि यह स्कॉलरशिप उन मेधावी विद्यार्थियों को दी जा रही है, जो स्नातक और परास्नातक में अध्ययन कर रहे हैं। इसमें 12वीं कक्षा में न्यूनतम 80 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर 3000, 2000 और 1500 रुपये की मासिक छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। प्रोफेसर डंगवाल ने बताया कि इस योजना को शुरू करने का मुख्य उद्देश्य सामान्य परिवारों के छात्रों की प्रतिभा को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस दौरान डॉ. एस मंद्रवाल, सुनील कुमार रतूड़ी, प्रो. एचसी पुरोहित, डॉ. महीप सिंह उपस्थित रहे। संवाद

News paper – Amar Ujala
Date – 18.05.2024